मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.colourdreamz.com  www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–16, अंक–07, जुलाई 2016

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545




## कामधेनु बना इंडियन पावर ब्रांड 2016




इस्पात क्षेत्र की सर्वाधिक प्रतिष्ठित कंपनियों में शामिल कामधेनु लिमिटेड की ब्रांड–वैल्यू दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। इसी का प्रमाण है कि कामधेनु लिमिटेड को ब्रांड–वैल्यू से संबंधित प्रतिष्ठित अवार्ड 'इंडियन पॉवर ब्रांड अवार्ड 2016' मिला है। कामधेनु लिमिटेड को यह अवार्ड भारतीय बाजार अनुसंधान परिषद और फ्रेंचाइजीस इंडिया के व्यापक अनुसंधान के आधार पर दिया गया। भारतीय उद्योगों के 684 लीडिंग ब्रांड और 47 श्रेणियों पर किए गए विस्तृत अनुसंधान के आधार पर दिए गए पावर ब्रांड अवार्ड से एक बार फिर साबित हुआ कि कामधेनु लिमिटेड भारतीय बाजार का सबसे प्रतिष्ठित ब्रांड है।

16 जुलाई 2016 को नई दिल्ली में आयोजित **हॉलमार्क पावर ब्रांड समिट** के दौरान कामधेनु को देश में ब्रांड उत्कृष्टता के सबसे सशक्त प्रतीक के रूप में प्रतिष्ठित **इंडियन पावर ब्रांड 2016** के खिताब से नवाज़ा गया। कार्यक्रम में डा. हर्ष वर्धन, मंत्री, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, भारत सरकार, बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा धूपिया, तथा अन्य ने भाग लिया। कामधेनु को बड़े एवं विश्वस्तरीय मंचों पर अवार्ड पाने का 9 महीने से भी कम समय के यह तीसरा अवसर है। इससे पहले कामधेनु दिसंबर 2015 में दुबई में आयोजित समारोह में आयरन व स्टील सेग्मेंट में **वर्ल्ड ग्रेटेस्ट ब्रांड, 2015** अवार्ड तथा मार्च 2016 में बैंकाक में आयोजित समारोह में एशिया के **मोस्ट प्रोमिसिंग ब्रांड, 2016 अवार्ड** का विजेता घोषित हो चुका है।

कामधेनु लिमिटेड ने भारतीय बाजार में अच्छी साख बना रखी है और इस साख को बनाए रखने के लिए अपने उत्पादों पर लगातार अनुसंधान करती है। देश एवं विदेश के ग्राहकों को श्रेष्ठ उत्पाद उपलब्ध कराने के साथ कंपनी उत्पादों को प्रतिस्पर्धी कीमत पर बाजार में उपलब्ध कराती है। कामधेनु लिमिटेड फ्रेंचाइजी मॉडल पर बिजनेस करती है जिससे कम लागत पर बेहतर गुणवत्ता का इस्पात उत्पाद ग्राहकों को मिल सके। भारतीय निर्माण सामग्री बाज़ार के सबसे प्रभावी ब्रांड के रूप में खुद को स्थापित कर चुके कामधेनु को विश्व स्तर पर भी पहचान और सराहना मिल रही है।

अवार्ड के रूप में इंडियन पावर ब्रांड के टाईटल के साथ ट्राफी व प्रमाणपत्र प्रदान किया गया जिसे कंपनी के निदेशकगण श्री सुनील अग्रवाल एवं श्री सचिन अग्रवाल ने ग्रहण किया। इस अवसर पर मंच से कामधेनु लिमिटेड के पावरफुल ब्रांड इमेज की सराहना करते हुए कहा गया कि, ''कामधेनु लिमिटेड आधुनिक तकनीक तथा अविष्कारी बाज़ार नीतियों को लाने के लिए जानी जाती है। फ्रैंचाइजी बिजनेस मॉडल के तहत कंपनी ने टीएमटी का उत्पादन करने वाली 50 के अधिक सक्षम कंपनियों को बेहतर तकनीक, प्रशिक्षण तथा बाज़ार पहुँच उपलब्ध कराया है। जिससे करोड़ों उपभोक्ताओं तक उच्च गुणवत्ता के भरोसेमंद कामधेनु टीएमटी की पहुँच सुनिश्चित हो रही है। अपनी गुणवत्ता और ग्राहक–केन्द्रित सेवाओं की वज़ह से आज कामधेनु सबसे अधिक बिकने वाला टीएमटी ब्रांड है।''

अवार्ड ग्रहण करने के बाद कामधेनु के निदेशक श्री सचिन अग्रवाल ने कहा, ''इस प्रतिष्ठित मंच पर मिल रहे सम्मान के इस अवसर पर मैं कामधेनु की तरक्की में योगदान के लिए सभी स्टेकहोल्डर्स को धन्यवाद देता हूँ। आज आयरन तथा स्टील समाधान के क्षेत्र में बेहतरीन सेवायें और श्रेष्ठ उत्पाद उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता और भी अधिक सशक्त हुई है।''

पत्रकारों को अपनी प्रतिक्रिया देते हुए श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, "हमें पावर ब्रांड अवार्ड मिलना इस बात का संकेत है कि हम अपने ग्राहकों के हित में श्रेष्ठ गुणवत्ता का इस्पात उत्पाद प्रतिस्पर्धी कीमत पर उपलब्ध कराने में लगातार सक्षम रहे हैं। करोड़ो लोगों के भरोसे ने ही कामधेनु को एक प्रतिष्ठित ब्रांड बनाया है। इस भरोसे को बरकरार रखते हुए और भी नए बाज़ार और नए उपभोक्ताओं तक अपनी पहुँच बनाने के प्रयास को हम निरंतर जारी रखेंगे।''



# यूरोपीय संघ से अलग हुआ ब्रिटेन

ब्रिटेन के यूरोपीय संघ यानि ईयू से अलग होने की घटना से पूरी दुनिया हिली हुई है। इस फैसले ने दुनिया भर के बाजार में ऐसी हलचल मचाई कि स्टॉक मार्केट को पूरे 2 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा का नुकसान हो गया। यह नुकसान पिछले 31 सालों में सबसे बड़ा नुकसान है। साथ ही पाउंड की कीमत में 31 साल की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई। ब्रिटिश जनता ने ईयू के साथ रहने या न रहने के विकल्प पर हुए जनमत संग्रह में लगभग 52 प्रतिशत वोटों से ईयू से अलग होने के पक्ष में वोट दिया। अब ब्रिटेन का ईयू से अलग होना तय है, हालांकि इसमें अभी दो साल का वक्त लगेगा।

ब्रिटेन के इस फैसले से भारत भी अछूता नहीं है। भारत पर इस फैसले का मिला–जुला असर देखने को मिलेगा। इस फैसले के साथ ही पाउंड की स्थिति डॉलर के मुकाबले कमजोर हो गई है। कच्चे तेल की खरीद डॉलर में की जाती है। इस वजह से डॉलर के मंहगे होने पर कच्चा तेल महंगा हो जाएगा और इससे पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ सकते हैं। साथ ही ब्रिटेन में स्थित 800 भारतीय कंपनियों के कारोबार पर भी फिलहाल बुरा असर पड़ेगा, क्योंकि इनमें से ज्यादातर यूरोप के खुले बाजार में बिजनेस कर रही है। 1.1 लाख लोगों को रोजगार देने वाली इन कंपनियों को ईयू और ब्रिटेन को अलग–अलग टैक्स देना होगा।

भारत यूके में निवेश करने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश है। इसके अलावा द्विपक्षीय व्यापार करने वाले देशों की गिनती में ब्रिटेन 12वें नबर पर आता है। ब्रिटेन उन 25 देशों में 7वें नंबर पर आता है जिनसे भारत सामान लेता कम है और वहां भेजता ज्यादा है। भारतीय आईटी सेक्टर की 6 से 18 फीसदी कमाई ब्रिटेन से ही होती है। आने वाले समय में ब्रिटेन के ईयू से अलग होने का लाभ भारत को मिल सकता है और व्यापार के नए रास्ते खुल सकते हैं। साथ ही ईयू से समझौतों के कारण ब्रिटेन के स्कूल, कॉलेजों में अभी तक यूरोपीय छात्रों को छात्रवृत्ति और दाखिले में दी जाने वाली प्राथमिकता खत्म हो जाएगी, इससे भारतीय छात्रों के लिए ब्रिटेन में पढ़ाई के अवसर बढ़ेंगे। वित्त मंत्री अरुण जेटली ने भी आश्वासन दिया है कि उनकी तरफ से किसी भी संकट से निपटने के लिए प्लान बना लिया गया है।

# स्वच्छता की राह पर बसारा गांव

बाराबंकी के बसारा गॉव के कायापलट के पीछे दो भाई राहुल और रेहान ख़ान की लगातार कोशिश और सही सोच का हाथ है। आज से क़रीब 6 साल पहले जब राहुल शाम को कॉलेज से वापस गॉव आ रहा था तो उसने गॉव की महिलाओं को खुले में शौच करने की अपमानजनक परिस्थिति का सामना करते पाया। गॉव की महिलाओं की परेशानी उसे झकझोर गई। उसने अपने भाई रेहान से अपने दिल की बात की और फिर दोनों ही भाई घर–घर में शौचालय बनवाने की मुहिम में लग गए। शुरू में कोई साथ देने को तैयार नहीं था और लम्बे समय तक सिर्फ दोनों भाई ही हर सुबह गॉव की सफाई में जुट जाते थे। धीरे–धीरे गॉव के लोगों ने उनके प्रयास की सराहना शुरू की।

उनकी कोशिश आखिरकार रंग लाई और पहले जहॉ पूरे गॉव में सिर्फ 20 ही शौचालय थे आज वहॉ 300 शौचालयों का निर्माण हो चुका है। इन शौचालयों की बाहरी दीवार पर सुदर चित्रकारी बनी है और सफाई के महत्व अथवा बेटी बचाओं जैसे अच्छे मुद्दों पर नारे और संदेश लिखे गए हैं। आज बसरा गॉव की महिलायें सुविधा और आत्मसम्मान के साथ जी रही है, साथ ही गॉव में स्वच्छता और स्वास्थ्य की स्थिति भी सुधरी है। राहुल और रेहान खान की कहानी भारत के हर युवा को प्रेरणा देती है कि अपने देश में बेहतर बदलाव लाने के लिए दिल से कोशिश की जाए तो सफलता जरूर मिलती है।




# मर्सेडीज-बेंज ने पेश की फ्यूचर बस



मर्सेडीज–बेंज की फ्यूचर बस पश्चिमी यूरोपीय देश नीदरलैंड्स की राजधानी ऐम्सटर्डम की सड़क पर लगभग 20 किलोमीटर तक की दूरी तय करने में क़ामयाब रही। अपनी इस यात्रा के दौरान बस ने कई टनल्स को पार किया, खुद ही ब्रेक भी लगाया और ट्रैफिक नियमों का पालन किया। मर्सेडीज की यह बस सिटीपायलट नाम की टेक्नॉलजी से लैस है और इसे पब्लिक ट्रांसपोर्ट का फ्यूचर कहा जा रहा है। इस ऑटोनॉमस बस के संचालन में कैमरा, रेडार, कनेक्टेड डाटा जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल किया जाता है। मर्सेडीज की यह फ्यूचर बस यात्रा के दौरान खुद–ब–खुद सुरंगों में भी नैविगेट कर सकती है। इस बस में स्वचालित दरवाजे लगाए गए हैं।

मर्सेडीज की फ्यूचर बस 12 मीटर से अधिक लंबी, लगभग ढ़ाई मीटर चौड़ी और 3 मीटर ऊंची है। मर्सेडीज–बेंज फ्यूचर बस में 7.7–लीटर की क्षमता वाला इंजन लगाया गया है जिससे 299 हॉर्स पावर तक की ताकत पैदा हो सकती है। खूबसूरत इंटीरियर वाले इस बस को कुछ इस तरह डिजाइन किया गया है कि आप बाहर के नजारे का भी भरपूर आनंद ले सकें। उम्मीद है कि जल्द ही यह बस पब्लिक ट्रांसपोर्ट का हिस्सा बनेगी और आम लोग इस बस में सफर करने का आनंद उठा पायेंगे।

# हिमाचल की पसंद कलरमैक्स







स्टील सेग्मेंट में वर्ल्डस् ग्रेटेस्ट ब्रांड कामधेनु लिमिटेड ने कलर कोटेड मेटल शीट बाज़ार में अपने ब्रांड **कलरमैक्स** को पेश कर इतिहास रच दिया है। उपभोक्ताओं द्वारा बेहद पसंद किए जा रहे कामधेनु के कलर कोटेड शीट्स एवं प्री पेंटेड शीट्स उत्पाद आज हिमाचल प्रदेश सहित उत्तर, मध्य तथा पश्चिम भारत के अंदर अच्छी बाज़ार हिस्सेदारी पर पकड़ जमा चुके हैं।

हाल ही में कंपनी के हिमाचल प्रदेश मार्केटिंग टीम ने कामधेनु **कलरमैक्स** की लोकप्रियता को कांगड़ा तथा मंडी ज़िले में और भी बढ़ावा देने के उद्देश्य से 4 फैब्रीकेटर्स मीट का आयोजन किया। स्थानीय डीलर्स के सहयोग से आयोजित इन बैठकों में भाग लेने के लिए समीप के क्षेत्र से फैब्रीकेटर्स को अमंत्रित किया गया। मंडी में आयोजित दो बैठकों के लिए कामधेनु डीलर्स मेसर्स नामधरी उद्योग, नेरचौक तथा मेसर्स राणा हार्डवेयर, पधार ने सहयोग दिया, वहीं कांगड़ा ज़िले के अन्य दो बैठकों के आयोजन में कामधेनु डीलर्स मेसर्स बन्नी ट्रेडर्स, भवरना तथा मेसर्स सैनी प्लाई हाउस, मट्टौर ने सहयोग दिया। प्रत्येक बैठक में 40 से अधिक फैब्रीकेटर्स शामिल होकर कामधेनु **कलरमैक्स** की विशेषताओं से परिचित हुए। कंपनी की ओर से श्री अमित शर्मा, मार्केटिंग मैनेजर और श्री पंकज ने बैठकों का संचालन किया और उपस्थित फैब्रीकेटर्स को कामधेनु **कलरमैक्स** के प्रयोग के लाभ की जानकारी दी।

श्री अमित शर्मा ने कहा, ''कामधेनु **कलरमैक्स** फर्स्ट ग्रेड प्री पेंटेड गैल्वेनाइज़्ड शीट अथवा गैल्वाल्यूम शीट से बनती है। उच्च गुणवत्ता के जंग प्रतिरोधक मैटेरियल से बनी होने के कारण कामधेनु **कलरमैक्स** सबसे अधिक खूबसूरती और मज़बूती देती है। इसीलिए आज हिमाचल की पसंद **कलरमैक्स** ही है।'' मीट के उपरांत कामधेनु ने कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले सभी फैब्रीकेटर्स को धन्यवाद दिया।

# कामधेनु डीलर्स का अविस्मर्णीय स्विट्ज़रलैंड दौरा



कामधेनु डीलर्स ने एक बार फिर यह साबित कर दिखाया कि हमारे देश में कामधेनु से बेहतर और ज़्यादा बिकने वाला कोई भी टीएमटी ब्रांड नहीं है। कामधेनु की सफलता के पीछे हमारे डीलर्स का बहुत बड़ा हाथ है। अपने डीलर्स की शानदार और लगातार बेहतर होती परर्फोमेंस को ध्यान में रखते हुए हाल ही में 80 डीलर्स और उनके परिवारों के लिये स्विट्ज़रलैंड का दौरा आयोजित किया गया। 3 से 8 मई 2016 तक चले इस दौरे में श्री कुंदन कुमार सिंह, सीनियर मार्केटिंग मैनेजर, श्री मनोज शाह, डिस्ट्रीब्यूटर कशिश एंटरप्राइजेज़ और श्री हितेश शाह, डिस्ट्रीब्यूटर चिंतन स्टील शामिल थे। पूरे ग्रुप के ठहरने का इंतजाम एक शानदार होटल में किया गया था जहाँ पहुँचने के पश्चात सभी ने एक साथ भोजन का आनंद उठाया। साथ ही कामधेनु अधिकारियों ने सभी डीलर्स और उनके परिवारों का स्वागत करते हुए उनके काम को सराहा और उम्मीद जतायी की वह आगे भी इसी तरह नये आयामों को छूते रहेंगे।

उसके बाद पूरा ग्रुप एक साथ निकल पड़ा धरती पर स्वर्ग कहे जाने वाले स्विट्ज़रलैंड को देखने के लिये। स्विट्ज़रलैंड की हसीन वादियों के विहंगम दृश्यों ने जैसे सभी के दिलों पर अपना जादू कर दिया था। कुदरत की बनायी खूबसूरती का ऐसा नज़ारा कम ही देखने को मिलता है। चाहे पहाड़ हों या फिर हरे खुले मैदान, सभी ने अपनी अद्भुत सुंदरता से सबका मन मोह लिया। हर कोई इस खूबसूरती को अपने दिल के साथ–साथ अपने कैमरे में भी कैद कर लेना चाहता था। 5 दिन तक चले इस दौरे में सभी ने जी भर के लुत्फ़ उठाया। सभी डीलर्स और उनके परिवार वालों ने भारत वापस लौटने के पश्चात कामधेनु को एक यादगार दौरा आयोजित करने के लिये दिल से धन्यवाद दिया।

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Production Date: 26.07.2016










# राजस्थान के निर्माणकर्मियों के साथ कामधेनु का जुड़ा मज़बूत रिश्ता

कामधेनु लिमिटेड सभी सहयोगियों को अपने विस्तृत व्यापारिक परिवार की तरह देखता है और उनके साथ मंच साझा करने का कोई भी अवसर नहीं चूकता है। निर्माण क्षेत्र से जुड़े हुए व्यक्तियों के साथ मज़बूत संबंध रखना कंपनी की परंपरा में शामिल है और इसी परंपरा को आगे ले जाते हुए हाल ही में राजस्थान में दो आर्किटेक्ट व इंजीनियर्स मीट तथा एक मैसन मीट का आयोजन किया गया। इन बैठकों के माध्यम से कामधेनु के अधिकारीगण, चैनल पार्टनर्स तथा विभिन्न निर्माणकर्मियों को परस्पर संवाद करने, कामधेनु उत्पादों के बारे में जानने तथा संबंधों को मज़बूती देने का अवसर मिला।

मैंसन मीट का आयोजन अलवर ज़िले के खैरथल में स्थानीय डीलर मेसर्स मनोज कुमार मदनलाल एवं राजस्थान में कामधेनु SS10000 के सेल्स प्रमोटर मेसर्स सैटर्न स्टील प्रा. लि. एवं डिस्ट्रीब्यूटर मेसर्स गर्ग स्टील के सहयोग से किया गया। क्षेत्र के प्रतिष्ठित ठेकेदार श्री राजा राम इस बैठक के मुख्य अतिथि थे। बैठक में कंपनी के सीनियर मार्केटिंग अधिकारी श्री मनीष सोनी तथा मार्केटिंग एक्ज़ीक्यूटिव श्री विशाल सक्सेना के साथ आस–आस के क्षेत्र से बड़ी संख्या में राजमिस्त्री एवं ठेकेदार शामिल हुए। बैठक के दौरान मुख्य अतिथि ने इस तरह के मीट का आयोजन कर राजमिस्त्रियों व ठेकेदारों को कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ संपर्क का अवसर देने के लिए कामधेनु के प्रयास की सराहना की। उन्होने कहा कि, ''इन बैठकों में हम निर्माणकर्मी कई ऐसी जानकारी पाते हैं जो वैसे आसानी से नहीं मिलती है।''

पहला आर्किटेक्ट व इंजीनियर्स मीट झुन्झूनु में स्थानीय डीलर मेसर्स सुर्या ट्रेडिंग कंपनी एवं डिस्ट्रीब्यूटर मेसर्स गर्ग स्टील के सहयोग से आयोजित किया गया। कामधेनु के क्वालिटी–इन–चार्ज, जयपुर श्री दीपक इस बैठक के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कंपनी की ओर से उपस्थित अन्य अधिकारियों में शामिल थे – सेल्स व मार्केटिंग मैनेजर श्री अमित कालरा, सीनियर मार्केटिंग अधिकारी श्री मनीष सोनी, मार्केटिंग अधिकारी श्री दीपक बंसल व श्री जितेन्द्र कुमार एवं मार्केटिंग एक्ज़ेक्यूटिव श्री विशाल सक्सेना व श्री हनी गोपालिया। बैठक में उपस्थित आर्किटेक्ट व इंजीनियरों ने कामधेनु उत्पादों की गुणवत्ता से जुड़ी जानकारियॉं प्राप्त की। कामधेनु अधिकारियों ने बेहतर भवन निर्माण के लिए कामधेनु उत्पादों के प्रयोग के लाभ के बारे में बताया। ज़िले के प्रतिष्ठित आर्किटेक्ट व इंजीनियरों के साथ संवाद एवं संबंध बनाने में यह कार्यक्रम बहुत सफल रहा।

हनुमानगढ़ शहर में आयोजित हुए दूसरे आर्किटेक्ट व इंजीनियर्स मीट में बड़ी संख्या में स्थानीय आर्किटेक्ट व इंजीनियर शामिल हुए। स्थानीय डीलर मेसर्स शंकर मित्तल कंपनी एवं डिस्ट्रीब्यूटर मेसर्स सिद्धि विनायक इंटरप्राइज़ेज के सहयोग से आयोजित इस बैठक के मुख्य अतिथि शहर के सम्मानित आर्किटेक्ट श्री जनरैल सिंह थे। इस बैठक में कामधेनु डिस्ट्रीब्यूटर श्री आशीष चित्तलांगिया भी मौजूद थे। सेल्स व मार्केटिंग मैनेजर श्री अमित कालरा, सीनियर मार्केटिंग आधिकारी श्री मुकेश शर्मा, मार्केटिंग अधिकारी श्री दीपक बंसल एवं मार्केटिंग एक्ज़ेक्यूटिव श्री विशाल सक्सेना व श्री प्रखर शर्मा सहित कंपनी के कई अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मार्केटिंग अधिकारियों तथा शहर के आर्किटेक्ट व इंजीनियरों को एक दूसरे से परिचय बढ़ाने का अवसर मिला। बैठक के दौरान कामधेनु उत्पादों के बारे में प्रेज़ेन्टेशन दिखाई गई और कंपनी के बेहतरीन प्रोडक्ट पोर्टफोलियो और क्वालिटी से आर्किटेक्ट व इंजीनियरों को परिचित कराया गया।

तीनों ही बैठकों के द्वारा भागीदारी करने वाले निर्माणकर्मियों तक कामधेनु उत्पादों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में बहुत मदद मिली। आने वाले दिनों में राजस्थान के बाज़ार में कामधेनु की लोकप्रियता को नई बुलंदी तक ले जाने में इस तरह के बैठक की प्रभावी भूमिका रहेगी।

## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

अमित गोयल
**मेसर्स गोयल आयरन स्टोर**
हैली मण्डी
मो.: 09416214086
09354768998

सुनील कुमार
**मेसर्स भारत स्टील ट्रेडर्स**
डब्ल्यू जेड–812,
नियर इलाहाबाद बैंक, पालम
नई दिल्ली–110045
मो.: 09810833322

कृष्ण लाल मित्तल
**मेसर्स गुप्ता आयरन एण्ड स्टील्स**
फ़ैज़ाबाद रोड, पोलीटेक्नीक
ए–71, राजौरी गार्डन,
नई दिल्ली
फोनः 09871630000

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com